StudentBounty.com

# नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011 – 2012

कक्षा – XII
विषय – चित्रकला
अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट

प्रश्न पत्र –
पूर्णांक – 24

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.स. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 7 | 29.17 |
| 2. | अवबोध | 12 | 50.00 |
| 3. | अभिव्यक्ति | 5 | 20.83 |
| 4. | मौलिकता | – | – |
| योग | | 24 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत प्रश्नों का | संभावित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अतिलघूत्तरात्मक | 12 | ½ | 6 | 25.00 | 24 मिनट |
| 2. | लघूत्तरात्मक– I | 12 | $^3/_4$ | 9 | 37.50 | 48 मिनट |
| 3. | लघूत्तरात्मक – II | 3 | 1 | 3 | 12.50 | 35 मिनट |
| 4. | निबंधात्मक | 3 | 2 | 6 | 25.00 | 60 मिनट |
| 5. | | | | | | |
| | योग | 30 | | 24 | 100 | 167 मिनट |

पुनरावलोकन :– 13 मिनट

विकल्प योजना : आन्तरिक विकल्प 29 व 30 प्रश्न में है।

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.स. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | आदिकाल की कला | 3 | 12.50 |
| 2 | बोद्धकालीन कला | 5 | 20.82 |
| 3 | मुगल लघु चित्र शैलियाँ | 4 | 16.67 |
| 4 | राजस्थानी तथा पहाड़ी लघु चित्र शैलियाँ | 4 | 16.67 |
| 5 | भारतीय कला में नूतन प्रवृतियाँ | 4 | 16.67 |
| 6 | आधुनिक काल | 4 | 16.67 |
| | योग | 24 | 100 |

## प्रश्न–पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट

**कक्षा – XII** | **विषय :– चित्रकला** | **पूर्णांक – 24**

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | अति. लघू | लघू | | निबं. | |
| | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | - | |
| 1 | आदिकाल की कला | ½(1) | | | | ½(1) | | | 2(1) | | | | | | | | | 3(3) |
| 2 | वेदकालीन कला | 1(2) | | | 2(1) ☆ | | | 1(1) | | | | 1(1) | | | | | | 5(5) |
| 3 | मुगल लघु चित्र शैलियाँ | ½(1) | | | | ½(1) | 1½(2) | | | | 1½(2) | | | | | | | 4(6) |
| 4 | राजस्थानी तथा पहाड़ी लघु चित्र शैलियाँ | 1(2) | | | | | 1½(2) | | | | 1½(2) | | | | | | | 4(6) |
| 5 | भारतीय कला में नूतन प्रवृतियाँ | ½(1) | $^{3}/_{4}$(1) | | | 1(2) | $^{3}/_{4}$(1) | | | | | 1(1) | | | | | | 4(6) |
| 6 | आधुनिक काल | | $^{3}/_{4}$(1) | | | ½(1) | $^{3}/_{4}$(1) | | 2(1) ☆ | | | | | | | | | 4(4) |
| | योग | 3½(7) | 1½(2) | | 2(1) | 2½(5) | 4½(6) | 1(1) | 4(2) | | 3(4) | 2(2) | | | | | | **24(30)** |
| | कुल योग | 7(10) | | | | 12(14) | | | | 5(6) | | | | | | | | **24(30)** |

**विकल्पों की योजना :–☆ प्रश्न संख्या – 29 व 30 विकल्प है।**

**नोटः– कोष्ठक में बाहर की संख्या अंकों की तथा भीतर प्रश्नों की द्योतक है।**

**हस्ताक्षर**

StudentBounty.com

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

StudentBounty.com

## नमूने का प्रश्न–पत्र

**कक्षा–12**

**विषय–चित्रकला**

**अनुक्रमांक** ☐☐☐☐☐☐

**अवधि– 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक 24 अंक**

सामान्य निर्देश :–

1. सभी तीस प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर के लिए निर्धारित शब्द सीमा निम्नानुसार है।
   (i) प्रश्न संख्या 1 से 12 तक 10 शब्द।
   (ii) प्रश्न संख्या 13 से 24 तक 25 शब्द।
   (iii) प्रश्न संख्या 25 से 27 तक 50 शब्द।
   (iv) प्रश्न संख्या 28 से 30 तक 150 शब्द।
4. प्रश्न संख्या 29 व 30 में आंतरिक विकल्प दिए गए है।

---

1. होशंगावाद में कौन–कौनसे चित्र क्षेपांकन पद्धति से बने है। किन्ही दो के नाम लिखिए। ½
2. भीमबेटका कहाँ स्थित है ? ½
3. अजंता में कितने प्रकार की गुफाएँ पायी गई हैं ? ½
4. बाघ गुफा चित्रों की कोई एक विशेषता लिखिए । ½
5. मुगल चित्रकला का स्वर्णयुग किसके शासन काल को कहाँ जाता है ? ½
6. दक्षिणी गोलकुंडा शैली का विख्यात चित्र कौनसा है ? ½
7. किशनगढ़ शैली के प्रसिद्ध चित्र का नाम बताइए । ½
8. काँगड़ा चित्र शैली का मुख्य विषय क्या है ? ½
9. राजा रवि वर्मा की सर्वश्रेष्ठ कृति कौनसी है ? ½
10. बंगाली शैली के किन्हीं दो चित्रकारों के नाम लिखिए । ½
11. मारतीय राष्ट्रीय ध्वज के आकार का अनुपात लिखिए। ½
12. रवीन्द्रनाथ ठाकुर की चित्रकृतियों को किस नाम से पुकारा गया ? ½

StudentBounty.com

13. जहाँगीरकालीन चित्रों की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

14. मुगलकालीन चित्र गोवर्धनधारी कृष्ण के बारे में संक्षेप में लिखिए।

15. बीजापुर चित्र शैली की मुख्य विशेषता लिखिए। $^{3}/_{4}$

16. अहमदनगर चित्रशैली में पुरुष एवं महिलाओं को किस वेशभूषा में चित्रित किया गया है ? $^{3}/_{4}$

17. राजस्थानी चित्रकला की दो प्रमुख शैलियों एवं उनकी उपशैलियों के बारे में बताइए। $^{3}/_{4}$

18. मेवाड़ शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। $^{3}/_{4}$

19. पहाड़ी शैली के चित्रों के मुख्य विषय क्या है ? $^{3}/_{4}$

20. काँगड़ा शैली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। $^{3}/_{4}$

21. कम्पनी शैली क्या है ? $^{3}/_{4}$

22. बंगाली शैली के कलाकारों ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को किस प्रकार बढ़ावा दिया ? $^{3}/_{4}$

23. अमृता शेरगिल के चित्रों को कोई दो विशेषताएँ लिखिए ? $^{3}/_{4}$

24. 'भीलों का चितेरा' किसे जाता है और क्यों ? $^{3}/_{4}$

25. अजंता कहाँ स्थित हैं एवं क्यों प्रसिद्ध है ? ½+½=1

26. बाघ की गुफाओं में प्रकृति का अंकन किस प्रकार हुआ है ? 1

27. अवनीन्द्रनाथ ठाकुर के बारे में आप क्या जानते है ? 1

28. प्रागैतिहासिक चित्रकला की विशेषताएँ लिखिए । 2

29. अजंता की गुफाओं की चित्रों की विषयवस्तु पर विस्तार से प्रकाश डालिए। 2

अथवा

बाघ गुफा के किन्हीं दो चित्रों का वर्णन कीजिए।

30. ''यामिनी राय ने लोककला के आधार पर भारतीय चित्रकला को नवीन जीवन प्रदान करने की नूतन चेष्टा की है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

कलाविद् रामगोपाल विजयवर्गीय के जीवन व कला शैली पर प्रकाश डालिए।

StudentBounty.com

उत्तरमाला
कक्षा– 12
विषय – चित्रकला

समय 3.15 घण्टे पूर्णांक –24

| क्र.सं. | अपेक्षित उत्तर | अंक | अध्याय |
|---|---|---|---|
| 1. | (i) घोड़े (ii) जिराफ (iii) सांभर (iv) धनुर्धारी (कोई दो के नाम लिखिए) | ½ | प्रागैतिहासिक कला |
| 2. | मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से 40 कि.मी. दूर दक्षिण में भीमबेटका स्थित है। | ½ | प्रागैतिहासिक कला |
| 3. | दो प्रकार की (i) चैत्य (ii) विहार | ½ | अजंता के गुफा चित्र |
| 4. | प्रकृति का अद्‌भुत अंकन। | ½ | बाघ गुफा के चित्र |
| 5. | जहाँगीर के शासन काल को। | ½ | मुगल चित्र शैली |
| 6. | चाँद बीबी पोलो खेलते हुए। | ½ | दक्षिणी शैली |
| 7. | बणी–ठणी। | ½ | राजस्थानी शैली |
| 8. | प्रेम | ½ | पहाड़ी शैली |
| 9. | शकुन्तला का दुष्यन्त के नाम पत्र लेखन।<br>राम की सागर पर विजय, रावण सीता और जटायु कोई एक प्रसिद्ध चित्र अथवा कोई अन्य प्रसिद्ध चित्र | ½ | कम्पनी शैली, राजा रवि वर्मा व अवनीन्द्र नाथ टैगोर |
| 10. | (i) अवनीन्द्रनाथ टैगोर (ii) नन्दलाल बसु | ½ | बंगाल शैली |
| 11. | भारतीय राष्ट्रीय ध्वज की लम्बाई–चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। | ½ | भारत के राष्ट्रीय ध्वज का विकास |
| 12. | पागल व्यक्ति की कला। | ½ | नवीन कला रूप |
| 13. | (i) परम्परा के स्थान पर यथार्थता पर बल देना।<br>(ii) पशुपक्षी एवं प्रकृति का चित्रण।<br>(iii) व्यक्ति चित्रों की बहुलता। | $^3/_4$ | मुगल चित्र शैली |
| 14. | अकबर कालीन प्रसिद्ध चित्रकार मिस्किन ने गोवर्धनधाटी कृष्ण के सुन्दर चित्र का निर्माण किया। इस चित्र में नीलवर्णीय कृष्ण को बाँये हाथ पर गोवर्धन उठाते हुए चित्रण किया गया है। | $^3/_4$ | मुगल चित्र शैली |
| 15. | बीजापुरी चित्रों में चेहरा चमकदार, पृष्ठभूमि सादी, हरी तान वाली एवं अग्रभूमि में कमी– कुमार फूलों की बिछावट दक्षिण में छपे प्रसिद्ध पर्दों की तरह की गई है। | $^3/_4$ | दक्षिणी शैली |
| 16. | अहमदनगर चित्रशैली में पुरुषों को जामा, पायजामा व लम्बा पटका पहने चित्रित किया गया है। स्त्रियों को धोती, चोली पहने लम्बी गुत्थी चोटी के साथ लम्बी व स्फूर्तिमय चित्रित किया गया है। | $^3/_4$ | दक्षिणी शैली |
| 17. | (i) मेवाड़ शैली – उदयपुर, देवगढ़, चावंड, नाथद्वारा आदि।<br>(ii) मारवाड़ शैली – जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, अजमेर, नागौर, जैसलमेर व सिरोही आदि। | $^3/_4$ | राजस्थानी शैली |
| 18. | (i) मेवाड़ शैली में पुरुष कृतियाँ लम्बी, चेहरा गोल व अण्डाकार हैं। | $^3/_4$ | राजस्थानी शैली |

StudentBounty.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) मेवाड़ शैली की पृष्ठ भूमि सामान्यतः बेल बूटेदार व वास्तुशिल्प से परिपूर्ण है। | | |
| 19. | पहाड़ी शैली के चित्रों के मुख्य विषय वैष्णव धर्म से सम्बन्धित है। सूर, तुलसी, केशव, मतिराम, देव व बिहारी आदि कवियों के काव्यों पर आधारित चित्रण। | $^{3}/_{4}$ | पहाड़ी शैली |
| 20. | (i) कांगड़ा शैली के चित्रों में दृश्यों की प्रधानता है एवं रोमांच है।<br>(ii) इस चित्र शैली में मुख्यतया पौराणिक एवं रीतिकालीन नायक – नायिकाओं का चित्रण है। | $^{3}/_{4}$ | पहाड़ी शैली |
| 21. | 18 वीं व 19 वीं शताब्दी में अंग्रेज अधिकारियों के संरक्षक में जो चित्रशैली पनपी उसे कम्पनी शैली के नाम से जाना जाता है। इसमें यूरोपीय कला तत्वों व भारतीय विषयों को आकार बनाकर कला को विकसित किया जाने लगा था। | $^{3}/_{4}$ | कम्पनी शैली, राजा रवि वर्मा व अवनीन्द्र नाथ टैगोर |
| 22. | बंगाली शैली के कलाकारों ने भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेकर अन्य लोगों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित किया। रवीन्द्र नाथ, अवनीन्द्रनाथ, नन्दलाल बसु, गगनेन्द्रनाथ तथा देवीप्रसाद राय चौधरी इस परम्परा के आचार्य माने जाते है। | $^{3}/_{4}$ | राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान |
| 23. | (i) अम्रता शेरगिल के चित्रों में भारतीय विषयों की नवीनता, तकनीकी नवलता, रेखा की लय, छन्द और रंगों की सबल दार्ष्टिक चेतना है।<br>(ii) इनके चित्रों में रंग विलय की नवीनता व चमक है। | $^{3}/_{4}$ | नवीन कला रूप |
| 24. | गोवर्धन लाल जोशी को 'भीलों का चितेरा' कहा जाता है क्योंकि उन्होंने भीलों के दैनिक जीवन को रेखांकित एवं चित्रित करने में विशेष सफलता प्राप्त की है। | $^{3}/_{4}$ | राजस्थान की आधुनिक कला |
| 25. | अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित है। बाघोरा नदी के किनारे पहाड़ी में यहाँ 30 गुफाएँ हैं। अजंता में विश्व प्रसिद्ध चित्र अंकित हैं। अजंता के चित्र सभी कलागत विशेषताओं से पूर्ण अपने रेखीय सौन्दर्य, रंग संयोजन, नारी–सौन्दर्य की अद्भुत प्रस्तुति, सुन्दर आलेखन एवं प्रभावशाली भात भंगिमाओं आदि के कारण अजंता के चित्र प्रसिद्ध हैं। | ½+½=1 | अजंता के गुफा चित्र |
| 26. | बाघ की गुफाओं में प्रकृति का अकंन अद्भुत एवं उल्लेखनीय है। आलेखनों में फूल–पत्ते, पशु पक्षी नदी सुन्दरता से संजोये गए है। शुक–सारिका, कोकिल–कपोत तथा मोर–श्रकोर आदि का चित्रण गुफाओं के चित्रों एवं आलेखनों में कुशलतापूर्वक किया गया है। रेखाकंन की दृष्टि से पुष्पगुच्छों, बल्लरियों, कमल–नालों लतावंधे एवं गुल्मों का सुंदर रेखाकंन हुआ है। हाथी को बाघ गुफा के आलेखनों में उचित स्थान मिलता है। | 1 | बाघ के गुफा चित्र |
| 27. | अवनीन्द्रनाथ ठाकुर भारतीय व पाश्चात्य कला की एक ऐसी कड़ी थे जिन्होंने भारतीय कला को विदेशी दासता से मुक्ति प्रदान कर एक नवीन मार्ग प्रशस्त किया। इनका जन्म सन् 1871 में कोलकाता के 'जोरासांको' में हुआ। इन्होंने यूरोपीय कला का प्रशिक्षण इटली के प्रसिद्ध चित्रकार ओ. गिलहार्डी से प्राप्त किया तथा पेस्टल रंग, जल, रंग, तैल रंग तकनीक | 1 | कम्पनी शैली, राजा रवि वर्मा व अवनीन्द्र नाथ टैगोर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अंग्रेज चित्रकार सी. पाकर से सीखीं। इन्होंने चित्रांगद, विद्यापति व चंडीदास के गीतों व भारतीय पुराकथाओं को चित्रित किया। | | |
| 28. | प्रागैतिहासिक चित्रकला का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तरित करे –<br>(i) विषयवस्तु<br>(ii) रंग<br>(iii) रूप<br>(iv) रेखा प्रधान चित्र<br>(v) भावना प्रधान चित्र<br>(vi) तुलिका<br>(vii) छाया प्रकाश व परिप्रेक्ष्य | 2 | प्रागैतिहासिक कला |
| 29. | अजंता की गुफाओं की विषयवस्तु का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के अन्तरित करें –<br>(i) अजंता के भित्ति चित्र भारतीय कला के स्वर्णिम उदाहरण<br>(ii) अजंता बोद्ध धर्म का प्रमुख केन्द्र<br>(iii) जातक कथाओं का चित्रण<br>(iv) तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, पारिवारिक परिस्थितियों का प्रदर्शनकारी घटनाऐं<br>अथवा<br>बाघगुफा के किन्हीं दो चित्रों का वर्णन<br>(i) शोकाकुल स्त्री (ii) नृत्य दल<br>(iii) जुलूस | 2 | अजंता के गुफा चित्र<br><br>बाघ गुफा के चित्र |
| 30. | (i) यामिनी राय का जीवन परिचय (ii) रंग योजना<br>(iii) धरातल (iv) विषय व चित्र (v) प्रमुख प्रदर्शनियों का वर्णन<br>अथवा<br>रामगोपाल विजयवर्गीय का जीवन परिचय, कला शैली का वर्णन | 2 | नवीन कला रूप<br><br>राजस्थान की आधुनिक कला |

StudentBounty.com